# कार्यालय नगर पालिका परिषद, सरधना (मेरठ)

पत्रांक :– 16 / न०पा०परि०–स०/बो०बै०का०कार्यवृत्त/2026–27 दिनांक :– 4/5/2026

सेवा में,

**आयुक्त महोदय**
मेरठ मण्डल, मेरठ।

द्वारा :– **जिला मजिस्ट्रेट**
मेरठ।

**विषय :– नगर पालिका परिषद सरधना (मेरठ) की आहूत बोर्ड बैठक दिनांक 20.04.2026 के द्वारा पारित संकल्प की सूचना संबंधी।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, अवगत कराना है कि पालिका पत्रांक 06 दिनांक 10.04.2026 द्वारा इस निकाय में दिनांक 20.04.2026 को पालिका सभागार में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरधना द्वारा बोर्ड बैठक आहूत करने के लिए एजेण्डा प्रेषित किया गया था **(संलग्न आहूत बोर्ड बैठक का एजेण्डा सूचना)।**

तदानुसार बोर्ड द्वारा दिनांक 20.04.2026 को बोर्ड बैठक में एजेण्डा बिन्दुओं के सापेक्ष पारित संकल्प प्रस्ताव आपकी सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

Shahila
**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद,
01 सरधना (मेरठ)

**प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निदेशक महोदय, स्थानीय निकाय निदेशालय, सेक्टर–7 गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ।
2. अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) महोदय, मेरठ।
3. उप जिलाधिकारी महोदय, मेरठ।
4. प्रधान लिपिक को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त बोर्ड बैठक के पारित संकल्प की प्रति पालिका के सूचना पट पर चस्पा व पालिका की वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।

Shahila
**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद,
01 सरधना (मेरठ)

Scanned with CamScanner

आज दिनांक 20.04.2026 को दोपहर 2:30 बजे नगर पालिका परिषद सरधना के सभागार में श्रीमती सबीला बेगम अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, सरधना की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक प्रारम्भ हुई, जिसमें निम्नवत् उपस्थिति रही–

| | | |
|---|---|---|
| | श्रीमती सबीला बेगम, | अध्यक्ष, |
| 1 | श्री अतुल प्रधान | मा0 विधायक/पदेन सदस्य |
| 2 | श्रीमती अंजली | सदस्य, |
| 3 | श्री वीर सिंह भाटी | सदस्य, |
| 4 | श्रीमति तनिका जैन | सदस्य, |
| 5 | श्री संजय कुमार | सदस्य, |
| 6 | श्री शानू जैन | सदस्य, |
| 7 | श्रीमती नेहा जैन उर्फ नेहा टाली | सदस्य, |
| 8 | श्री राहुल | सदस्य, |
| 9 | श्री शहजाद | सदस्य, |
| 10 | श्री शाहिद | सदस्य, |
| 11 | श्रीमती शायदा उर्फ शाहिदा | सदस्य, |
| 12 | श्री मोहम्मद खालिद | सदस्य, |
| 13 | श्रीमती फिरदौस | सदस्य, |
| 14 | श्रीमती राहत परवीन | सदस्य, |
| 15 | श्री फरमान | सदस्य, |
| 16 | श्री आशीष त्यागी | सदस्य, |
| 17 | श्री दीपक जैन | नामित सदस्य, |
| 18 | श्री मंगू प्रधान | नामित सदस्य, |
| 19 | श्री सुमित वाल्मीकि | नामित सदस्य, |
| 20 | श्रीमती पिंकी सोम | नामित सदस्य, |

| | |
|---|---|
| **प्रस्ताव संख्या 1 :–**<br>गत बैठक की पुष्टि | सदन के समक्ष गत बैठक की कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया, जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गयी । |
| **प्रस्ताव संख्या 2 :–**<br>वित्तीय वर्ष 2026–2027 के अनुमानित बजट की स्वीकृति पर विचार एवं आदेश बोर्ड। | सदन में वित्तीय वर्ष 2026–2027 के अनुमानित बजट से सदन को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में अंकन 46,15,76,218.44 रू0 की अनुमानित आय व अंकन 45,96,58,300 रू0 अनुमानित व्यय का प्रावधान बजट में किया गया है, जिस पर सदन में चर्चा उपरान्त उक्त अनुमानित बजट को स्वीकारं किया गया। तद उपरान्त सदन को यह भी अवगत कराया गया कि बजट स्वीकृति की प्रत्याशा में इस वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में अति आवश्यक कार्य का भुगतान कार्य की महत्तानुसार अति आवश्यक होने के कारण निम्नानुसार आयकर अंकन 5,67,345 रू0 का आयकर विभाग को भुगतान व जी0एस0टी0 अंकन 5,61,508 रू0 का भुगतान जी0एस0टी0 विभाग को, लेबर सैस अंकन 1,22,295 रू0 का भुगतान लेबर सैस को व पालिका नियमित/संविदा/आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन अंकन 65,01,487 रू0 व सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन अंकन 12,53,353 रू0, पालिका के टोल फ्री नम्बर अधिष्ठापन हेतु अंकन 42,212 रू0 व एम0आर0एफ0 सेन्टर का विद्युत बिल का अंकन 1,20,624 |

Shabila

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | रू0 व्यय किया गया है, जिसका अनुमोदन व स्वीकृति सदन से चाही गयी है, जिस पर सदन द्वारा चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से उपरोक्तानुसार किये गये भुगतानों को अनुमोदित करते हुए स्वीकृति प्रदान की गयी। |
| **प्रस्ताव संख्या 3 :–**<br>सभी वार्षिक ठेकाजात 2026–27 हेतु नीलामी पर विचार एंव आदेश बोर्ड। | वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु गत वर्ष के अनुसार ही ठेका साप्ताहिक पैंठ, ठेका विज्ञापन, ठेका सूअर के मीट की एक दुकान मौहल्ला खाकरोबान हेतु, ठेका मुर्दा मवेशी हेतु, ठेका छोड़ने पर सहमति बनी। सदन को अवगत कराया गया कि पालिका में ठेका वाहन अड्डा पड़ाव शुल्क के नाम से एक उपविधि प्रचलित है, जिस पर गत समय से ही बोर्ड द्वारा प्रचलित उपविधि अनुसार ठेका वाहन अड्डा पडाव शुल्क की वसूली हेतु ठेका आदि की तत्समय विवाद की स्थिति उत्पन्न होने के कारण उस पर रोक लगा दी गयी थी। वाहन अड्डा पडाव शुल्क उपविधि अनुसार वर्तमान में उक्त ठेके की स्वीकृति हेतु भी सदन से सहमति चाही गयी, जिस पर सदन द्वारा ठेका वाहन अड्डा पडाव शुल्क में वाहनों के आवागमन में वसूली पर गत वर्षों में विवाद को दृष्टिगत रखते हुए उक्तानुसार ठेका वाहन अड्डा पडाव शुल्का का ठेका छोड़ा जाये तथा न ही पालिका कर्मचारियों से भी उक्त शुल्क वसूली हेतु कार्यवाही न की जाये। उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 4 :–**<br>मेला बूढा बाबू 2026 के आयोजन हेतु व्यवस्थाओं पर विचार एंव आदेश बोर्ड। | मेला बूढा बाबू 2026 के आयोजन हेतु मेले की व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए सदन द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि मेला बूढा बाबू आयोजन स्थल पर भीड़भाड़ अधिक होने व प्रति वर्ष रामलीला ग्राउण्ड में होने वाले कार्यकमों पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए मेला बूढा बाबू स्थल परिवर्तन करते हुए मेले का आयोजन मंडी समिति परिसर में कराने हेतु निर्णय लिया गया। मंडी समिति परिसर में मेले के आयोजन हेतु पालिका की ओर से प्रशासनिक अधिकारियों से जो भी स्वीकृति आदि ली जानी है उस हेतु सदस्यों का एक प्रतिनिधि मण्डल उच्चाधिकारियों से मिलकर वार्ता करेगा तथा मेले से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं के लिए अलग से एक बैठक आहूत करने का भी निर्णय लिया गया है। |
| **प्रस्ताव संख्या 5 :–**<br>नगरीय ठोस अपशिष्ठ प्रवन्धन तथा स्वच्छता उपविधि के अर्न्तगत यूजर चार्ज निर्धारित करते हुए उपविधि तैयार करने पर विचार एवं आदेश बोर्ड। | सदन में नगरीय ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन तथा स्वच्छता उपविधि के अर्न्तगत यूजर चार्ज निर्धारित करने व उपविधि तैयार करने हेतु आगामी बोर्ड बैठक में चर्चा करने का निर्णय लिया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 6**<br>अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से | |
| **प्रस्ताव संख्या 6 (1) :–**<br>सदस्यों द्वारा पूर्व में दिये गये प्रस्ताव व कार्य की आवश्यकतानुसार पालिका अवर अभियंता से तैयार कराये गये आंगणनों की स्वीकृति करते हुए कार्य कराने पर विचार एंव आदेश बोर्ड। | नगर में विभिन्न विकास कार्य हेतु सदस्यों द्वारा पूर्व में दिये गये प्रस्ताव व जनता आदि की मांग पर पालिका अवर अभियंता से तैयार आंगणनों सदन के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किये गये। |

Shalila

Scanned with CamScanner

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड 1 जोनी की दुकान से मन्दिर तक सी0सी0 रोड व इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण का कार्य। | 2808202 |
| 2 | वार्ड 2 सिराजू मलिक के मकान से पी0डब्लू0डी0 रोड तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 939050 |
| 3 | वार्ड 3 मैन पी0डब्लू0डी0 दौराला रोड पर मकबरा वाली मस्जिद के पास पुलिया का आर0सी0सी0 रैम्प का निर्माण कार्य। | 828770 |
| 4 | बिनोली रोड देवी मन्दिर के पास पुलिया के बिटुमिन रैम्प का निर्माण कार्य। | 233852 |
| 5 | वार्ड 4 रेखा मैडिकल स्टोर से सुदेश एडवोकेट के मकान तक सी0सी0 रोड, इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | 3892072 |
| 6 | वार्ड 5 नय्यर क्लॉथ हाउस वालो की दुकान से हिमालय हास्पिटल तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 1909750 |
| 7 | वार्ड 5 महेन्द्र के मकान से फारूख के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 116742 |
| 8 | वार्ड 6 धर्मसिंह सैनी के मकान से बिजली घर के पीछे तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण का कार्य। | 410663 |
| 9 | वार्ड 6 फम्मू मिस्त्री के मकान से नन्द किशोर व रियाज बानो के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 815877 |
| 10 | वार्ड 6 योगेन्द्र सैनी के मकान से वसीम के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 1112895 |
| 11 | वार्ड 7 आदर्शनगर में कुलदीप खल वाले से नगर पालिका के समरसेबिल तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण का कार्य। | 745348 |
| 12 | वार्ड 7 डॉक्टर राजवीर के मकान से रूपचन्द के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 624080 |
| 13 | वार्ड 9 जनेश्वर के मकान से आनन्द चौहान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण का कार्य। | 355058 |
| 14 | वार्ड 9 मार्किट रोड अशोक की लाट से शहीद द्वार तक डिवाईडर का रैनोवेशन व डिवाईडर पर एम0एस0 रेलिंग का कार्य। | 658614 |
| 15 | वार्ड 9 मौहल्ला गांधीनगर में पाण्डुशिला रोड पर महाराजा अग्रसैन द्वार का जीर्णोद्धार कार्य। | 1032619 |
| 16 | वार्ड 9 वीर प्रियम की दुकान से प्रमोद मोदी के मकान तक सी0सी0 रोड व व नाली निर्माण कार्य। | 1075518 |
| 17 | वार्ड 10 कमाल के मकान से गोपाल की दुकान तक (नाला साईड पटरी) सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 1317738 |
| 18 | वार्ड 10 राजकुमार के मकान से रविन्द्र के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | 129140 |
| 19 | वार्ड 10 धर्मवीर के मकान से रामनाथ के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | 103447 |
| 20 | वार्ड 11 दिनेश के मकान से अभिषेक जैन के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण का कार्य। | 600100 |
| 21 | वार्ड 12 यामीन के मकान से जहीर व रफीक के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण का कार्य। | 190485 |

Shakeel

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 22 | वार्ड 12 अब्दुल हक के मकान के सामने इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण का कार्य। | 72043 |
| 23 | वार्ड 12 छोटी मस्जिद से इकबाल के मकान तक व साईड गली में इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण का कार्य। | 422274 |
| 24 | वार्ड 13 साबिर मलिक के मकान से बाबू अन्सारी के मकान तक पुलिया एवं नाली निर्माण कार्य। | 379845 |
| 25 | वार्ड 13 विकास त्यागी के मकान से बाबू डाक्टर के मकान तक नाला साईड पटरी पर इण्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य। | 701995 |
| 25 | वार्ड 13 हाजी अरशद के मकान से हाजी नत्थु के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 311323 |
| 26 | वार्ड 13 कालन्द चुंगी से बिजली घर की पुलिया तक साईड पटरी पर इण्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य। | 1757607 |
| 27 | वार्ड 14 अब्बास मलिक के मकान से हकीमुददीन के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण का कार्य। | 578536 |
| 28 | वार्ड 16 फरमान के मकान के पास से भूरे की डेयरी तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण का कार्य। | 1224160 |
| 29 | वार्ड 17 अली मोहम्मद के मकान से इकबाल के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 125124 |
| 30 | वार्ड 17 आबिद के प्लाट से जाकिर के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण का कार्य। | 544404 |
| 31 | वार्ड 17 शकील चौधरी के मकान से यामीन के मकान तक व साईड गली में सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 504782 |
| 32 | वार्ड 17 सन्दीप सैनी के मकान के पास से रजत सैनी के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण का कार्य। | 72681 |
| 33 | वार्ड 20 करम सिह के मकान से खुब्बी के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 72840 |
| 34 | वार्ड 21 तसलीम के मकान से मुन्ना के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 142109 |
| 35 | वार्ड 22 हाजी इशाक के मकान से आलू वाले तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 470058 |
| 36 | वार्ड 23 मौहल्ला कहारान में खारी कुआं का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 119882 |
| 37 | वार्ड 23 मौ0 स्वामियान में कुआं का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 316064 |
| 38 | वार्ड 24 इस्लाम अन्डे वाले के मकान से शफीक के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण का कार्य। | 261725 |
| 39 | वार्ड 24 विनोद के मकान से शरद गुप्ता के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण का कार्य। | 221717 |
| 40 | वार्ड 24 में सनातन धर्म स्कूल के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। | 461983 |
| 41 | वार्ड 24 अब्दुल रहीम के मकान से नदीम व सदाकत के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण का कार्य। | 403361 |
| 42 | नगर पालिका परिषद सरधना के विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त नाली, सड़क, पुलिये, चैनल आदि की मरम्मत का कार्य। | 2550460 |

Shahid

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 43 | नगर पालिका परिषद सरधना के विभिन्न स्थानों पर निर्मित सार्वजनिक शौचालयों, सामुदायिक शौचालयों एवं पिंक शौचालय की मरम्मत का कार्य। | 969870 |
| 44 | वार्ड 3 पी0डब्लू0डी0 दौराला रोड मकबरा वाली मस्जिद के पास पुलिया का आर0सी0सी0 रैम्प का निर्माण कार्य। | 828770 |
| 45 | बिनाली रोड देवी मन्दिर के पास पुलिया का बिटुमिन रैम्प का निर्माण कार्य। | 233852 |
| 46 | वार्ड 1 महेन्द्र सैनी के मकान से अनिल चौधरी (नाला साईड पटरी) के मकान तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 397450 |
| 47 | वार्ड 16 पप्पू नाई की दुकान से राजेश चक्की वाले तक सी0सी0 रोड का निर्माण व नाली मरम्मत का कार्य। | 499207 |

सदन में यह भी निर्णय लिया गया कि वर्तमान बोर्ड के कार्यकाल में राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत धनराशि की अनुपलब्धता के कारण बहुत ही कम कार्य हुए है किन्तु वर्तमान में पालिका द्वारा ग्रहकर व जलकर एवं अन्य मदों से पालिका निधि में काफी वसूली होने के कारण व राज्य वित्त आयोग से भी धनराशि उपलब्ध होगी जिसको दृष्टिगत रखते हुए उक्त प्राप्त धनराशि व आगामी माहो में पालिका निधि में पालिका करों से वसूली होने व राज्य वित्त आयोग से धनराशि प्राप्त होने की प्रत्याशा में तुरन्त निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जाये। उक्त निर्माण कार्यो के अतिरिक्त वार्ड सदस्यों द्वारा कोई अतिरिक्त निर्माण कार्य कराया जाना जनहित में अति आवश्यक है तो ऐसे कार्यो को पालिका अवर अभियंता से आंगणन बनवाते हुए कार्य कराने की कार्यवाही शीघ्र अति शीघ्र की जाये। उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 6 (2) :–**

विकास कार्यो हेतु अल्प अवधि निर्धारित कर निविदा आमंत्रण करने पर विचार एंव आदेश बोर्ड।

सदन को अवगत कराया गया कि नगर में विकास कार्य कराने हेतु शासनादेश संख्या 1319/नौ–9–21–45ज/21 दिनांक 30.06.2021 में मानक संचालन प्रकिया (एस0ओ0पी0) निर्धारित है, जिसमें निर्माण कार्यो को कराने हेतु सामान्य दशा में 40 लाख से कम कार्यो की निविदा अवधि 21 दिन होगी तथा 40 लाख से अधिक के कार्यो की निविदा हेतु अवधि में एक माह का समय रखा जायेगा। यदि अपरिहार्य आवश्यकता के दृष्टिगत उपरोक्त अवधि को कम करना है तो वित्त विभाग के द्वारा समय–समय पर जारी सुसंगत शासनादेशानुसार तद् विषययक बोर्ड से अनुमति का उल्लेख है। जिस पर सदन में चर्चा हुई सदन द्वारा वर्तमान में विकास कार्यो की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए ऐसे सभी विकास कार्यो को कराने हेतु निर्धारित निविदा समयावधि के स्थान पर 10 दिन की निविदा अवधि निर्धारित सर्वसम्मति से की गयी तथा उक्त अवधि अनुसार निविदा आमंत्रण की कार्यवाही अविलम्ब करते हुए निविदा आमंत्रण करने के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया।

Shabihar

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| **प्रस्ताव संख्या 6 (3) :–**<br>शासन से प्राप्त 2 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क की धनराशि के उपयोग पर विचार एंव आदेश बोर्ड। | सदन के समक्ष शासन से प्राप्त शासनादेश संख्या 1428(1–9)शि0का0लख0/बजट/–2परसेन्ट–42/2025–26 दिनांक 31.03.2026 द्वारा अंकन 37,94,185 रू0 की धनराशि के उपयोग हेतु चर्चा हुई। सदन में चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त प्राप्त धनराशि से जनहित के आवश्यक कार्य कराने हेतु कार्यों को चिन्हिंत करते हुए पालिका अवर अभियंता से आंगणन बनवाकर धनराशि के उपयोग हेतु कार्यवाही की जाये। उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 6 (4) :–**<br>विद्युत सामग्री कय करने पर विचार एंव आदेश बोर्ड। | पथ प्रकाश व्यवस्था की सुचारूता हेतु एल0ई0डी0 लाईट क्रय करने हेतु सदन के समक्ष चर्चा हुई। सदन द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पथप्रकाश की सुचारूता हेतु आवश्यकतानुसार वाटेज निर्धारित करते हुए लाईटे कय कर ली जाये तथा जो लाईटे आउट ऑफ वारंटी हो चुकी है तथा पालिका के स्टोर में पड़ी है वर्तमान में ऐसी लाईटों की मरम्मत कराकर उनसे पथप्रकाश सुचारू करायी जाये तथा पथप्रकाश की सुचारूता हेतु आवश्यकतानुसार विद्युत सामग्री, केबिल, टेप, स्वीच आदि भी कय करते हुए विद्युत व्यवस्था सुचारू करायी जाये। उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 6 (5) :–**<br>पालिका कार्यालय कक्षों हेतु फर्नीचर व कार्यालय प्रयोग हेतु स्टेशनरी कय करने पर विचार एंव आदेश बोर्ड। | सदन के समक्ष पालिका कार्यालय कक्षों हेतु आवश्यक फर्नीचर व कार्यालय प्रयोग हेतु स्टेशनरी व कर निर्धारण चिटठे व डिमांड कलेक्शन रजिस्टर आदि कय करने पर चर्चा हुई, जिस पर सदन द्वारा चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से आवश्यकतानुसार कार्यालय कक्षों हेतु फर्नीचर व कार्यालय प्रयोग हेतु स्टेशनरी व कर निर्धारण चिटठे व डिमांड कलेक्शन रजिस्टर आदि कय करने हेतु सहमति बनी। उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 6 (6) :–**<br>स्वच्छ सर्वेक्षण 2026–27 के अन्तर्गत नगर की रैकिंग हेतु शौचालयों की मरम्मत व पेन्टिंग आदि कार्य कराने पर विचार एंव आदेश बोर्ड। | सदन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2026–27 के सर्वेक्षण में नगर की रैंकिंग उत्तम बनाये रखने हेतु पालिका द्वारा निर्मित सार्वजनिक/सामुदायिक/पिंक शौचालयों की आवश्यकतानुसार मरम्मत कराने व जनजागरूकता हेतु पेन्टिंग आदि व स्वच्छ सर्वेक्षण से संबंधित जो भी नगर की रैंकिंग हेतु कार्य कराये जाने है ऐसे सभी कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कराने का निर्णय लिया गया तथा उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 6 (7) :–**<br>श्री शहजाद सदस्य द्वारा स्थल परिवर्तन कर शौचालय निर्माण एवं अन्य कार्य के संबंध में दिये गये पत्र पर विचार एंव आदेश बोर्ड। | सदन के समक्ष श्री शहजाद सदस्य द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि "नगर पालिका परिषद सरधना में 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत मौहल्ला धर्मपुरा में शौचालय का निर्माण कराया जाना है जिस हेतु निविदा आमंत्रित की गयी है किन्तु न्यूनतम निविदादाता को स्थान चिन्हिंत न होने के कारण |

Shakila

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | आज पर्यन्त शौचालय का निर्माण नहीं हो पाया है। वर्तमान में मौहल्ला धर्मपुरा के समीप ही मौहल्ला आजादनगर में कब्रिस्तान के सामने खाली पड़ी भूमि पर शौचालय का निर्माण कराने हेतु स्थल परिवर्तन कराते हुए निर्माण कराने का कष्ट करें।" जिस पर सदन को चर्चा के दौरान अवगत कराया गया कि 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत कालन्द चुंगी पर शोचालय के निर्माण हेतु जिलाधिकारी महोदय मेरठ के कार्यालय से अन्य कार्यों के साथ-साथ उक्त कार्य भी स्वीकृत है किन्तु कालन्द चुंगी पर शौचालय के लिए चिन्हिंत स्थल पर बार-बार विवाद होने के कारण उक्त स्थल पर शौचालय नहीं बन पाया है जिस हेतु संबंधित ठेकेदार द्वारा शौचालय स्थल परिवर्तन की भी मांग की जा रही है। उक्त प्रकरण में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत शौचालय का निर्माण कार्य कालन्द चुंगी के स्थान पर श्री शहजाद सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव अनुसार मौहल्ला धर्मपुरा के समीप ही मौहल्ला आजादनगर में कब्रिस्तान के सामने खाली पड़ी भूमि पर निर्माण कार्य करा लिया जाये। उक्त के अतिरिक्त सदन को अवगत कराया गया कि 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य वार्ड 10 में महेश के मकान से चौक तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण कार्य के स्थान पर स्थानीय जनता द्वारा इण्टरलॉकिंग टाईल्स के स्थान सी0सी0 रोड की मांग की जा रही है, जिस कारण संबंधित ठेकेदार द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है उक्त पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अनुबंध अनुसार इण्टरलॉकिंग टाईल्स का कार्य मौका स्थल पर जनता द्वारा विरोध करने के कारण उक्त कार्य को निरस्त करते हुए सी0सी0 रोड का आंगणन तैयार कराते हुए पुनः उक्त की निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जाये। उक्त के अतिरिक्त श्री शहजाद सदस्य द्वारा जल निकासी योजना के अन्तर्गत नाला निर्माण कार्य नगर पालिका परिषद सरधना में कालन्द चुंगी से बिनौली रोड तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य अंकन 36,56,000 रू0, का स्वीकृत हुआ है वास्तव में कालन्द चुंगी से बिनौली रोड तक कोई नाला निर्माण हेतु स्थल नहीं है। अवर अभियंता द्वारा उक्त नाले का नाम आंगणन पर उपरोक्त स्थल त्रुटिवश अंकित कर दिया गया है। जबकि उक्त नाला निर्माण कालन्द चुंगी पर खुर्शीद मलिक के मकान से राम तलैया मन्दिर तक का है, जिसको शुद्ध करने हेतु सदन में चर्चा हुई, चर्चा उपरान्त सदन द्वारा निर्णय लिया गया कि जल निकासी हेतु शासन को डी0पी0आर0 मे प्रेषित नाम कालन्द चुंगी से बिनौली रोड तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण में स्वीकृत धनराशि का शुद्ध नाम आंगणन में कालन्द चुंगी पर खुर्शीद मलिक के मकान से राम तलैया मन्दिर तक अंकित कराते हुए नाला निर्माण का कार्य स्वीकृत धनराशि अनुसार कराने की कार्यवाही की जाये।<br>उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |

Shahila

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| **प्रस्ताव संख्या 6 (8) :–**<br>श्री शहजाद सदस्य द्वारा कुत्तों को पकड़ने हेतु दिये गये पत्र पर विचार एंव आदेश बोर्ड। | सदन के समक्ष श्री शहजाद सदस्य द्वारा कुत्तों को पकड़ने हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव रखा गया–<br>नगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या अत्यधिक बढ़ गई है, जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इस समस्या के प्रमुख कारण/प्रभाव निम्नलिखित हैं–1. स्कूल जाने वाले बच्चों का घर से निकलना अत्यंत कठिन हो गया है, कुत्तों के डर से बच्चे भयभीत रहते हैं।2. प्रभावित हो रही है। बुजुर्ग व्यक्तियों का अकेले बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या3. बाइक एवं साइकिल सवारों के पीछे कुत्ते दौड़ते हैं, जिससे दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। 4–कई स्थानों पर कुत्तों द्वारा लोगों को काटने की घटनाएँ सामने आ रही है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरा बढ़ गया है। 5. रात के समय कुत्तों के झुंड से महिलाओं एवं आम नागरिकों में भय एवं असुरक्षा का वातावरण बना रहता है 6. सड़कों पर कुत्तों के झुंड के कारण यातायात बाधित होता है और अचानक सामने आने से वाहन चालक असंतुलित हो जाते हैं। 7. लगातार भौंकने एवं झुंड में रहने के कारण मोहल्लों में शांति भंग होती है तथा लोगों को मानसिक परेशानी होती है। इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता से लेते हुए नगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों को पकड़वाने, उनका उचित प्रबंधन करने तथा आवश्यक कार्यवाही करने की मांग पर सदन में उक्त पर चर्चा उपरान्त सदन को अवगत करया गया कि पालिका में कुत्ते पकड़ने हेतु आवश्यक संसाधन नहीं है तथा न ही कुत्तों को पकड़कर रखने के लिए कोई शैल्टर होम है, जिस कारण कुत्तो को पकड़ने की कार्यवाही निकाय स्तर से नही हो सकती हैं, जिस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पालिका में उक्त के पर्याप्त संसाधन न होने के कारण सक्षम स्तर से संबंधित विभाग में इसमें पत्राचार आदि की कार्यवाही करते हुए संबंधित सक्षम विभाग से आवारा कुत्तों को पकड़वाने की कार्यवाही की जाये। उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 6 (9) :–**<br>श्री मोहम्मद खालिद सदस्य द्वारा किचन बनाने हेतु प्रस्ताव को बोर्ड प्रस्ताव रजिस्टर में चढाने हेतु व स्वःकर प्रणाली की आपत्तियों की सुनवाई की तिथि बढाने हेतु दिये गये पत्र पर विचार एंव आदेश बोर्ड। | सदन के समक्ष श्री मोहम्मद खालिद सदस्य द्वारा प्रस्ताव रखा कि प्रस्ताव 1 "मेरे द्वारा पूर्व में नगर पालिका में एक किचन बनाने हेतु प्रस्तावित किया गया था, जिसे सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पास कर दिया गया था परन्तु मुझे पता चला है कि बोर्ड प्रस्ताव रजिस्टर में इस प्रस्ताव को चढ़ाया नहीं गया अतः इस प्रस्ताव को चढाया जाये" के संबंध में सदन को अवगत कराया गया कि बोर्ड बैठक दिनांक 13.01.2026 के प्रस्ताव संख्या 9(7) द्वारा उक्त कार्य की कार्योत्तर स्वीकृति देते हुए कार्य अनुमोदित व स्वीकृत किया गया है।<br>इसी पत्र में उल्लिखित प्रस्ताव 2–स्वकर निर्धारण से संबंधित आपत्ति निस्तारण की कार्यवाही चल रही थी उसकी सीमा बढ़ाकर 31 मई कर दी जाये ताकि जनता को लाभ मिल सके और इसके बाद सुनवाई का बन्द कर दिया जाये" के प्रस्ताव के संबंध में सदन में चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्वःकर के अन्तर्गत निर्धारित किये गये |

Shahid P.

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | कर पर वित्तीय वर्ष 2025–26 की समाप्ति के बाद भी निर्धारित कर पर आपत्तियां वित्तीय वर्ष 2026–27 प्रारम्भ होने के बाद भी आ रही है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए स्वःकर से संबंधित ग्रहकर स्वामियों से वित्तीय वर्ष 2026–27 में माह अप्रैल व माह मई 2026 में दिनांक 20 मई 2026 तक आपित्तयां प्राप्त करते हुए माह मई 2026 मासान्त में सभी आपत्तियों का निस्तारण करते हुए ऐसे भवन स्वामियों पर कर निर्धारण की कार्यवाही को अन्तिम रूप दे देते हुए कर निर्धारण की कार्यवाही कर दी जाये। उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **<u>प्रस्ताव संख्या 6 (10) :–</u>**<br>श्रीमती नेहा जैन उर्फ नेहा टाली सदस्य द्वारा मेला बूढा बाबू का नाम परिवर्तन कराने हेतु दिये गये पत्र पर विचार एंव आदेश बोर्ड। | सदन के समक्ष श्रीमती नेहा जैन उर्फ नेहा टाली सदस्य द्वारा मेला बूढा बाबू के नाम परिवर्तन के दिये गये प्रस्ताव पर सदन द्वारा चर्चा उपरान्त आगामी बोर्ड बैठक में इस पर विस्तृत चर्चा करने हेतु निर्णय लिया गया। |
| **<u>प्रस्ताव संख्या 6 (11) :–</u>**<br>आउटसोर्सिंग पर कर्मचारियों की आपूर्ति पर विचार एवं आदेश बोर्ड। | सदन को अवगत कराया गया कि आउटसोर्सिंग ठेका अवधि समाप्त होने जा रही है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए आउटसोर्सिंग पर ठेके के माध्यम से कर्मचारियों की आपूर्ति हेतु निविदा की कार्यवाही की जानी है, जिस पर सदन में चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आउटसोर्सिंग निविदा प्रकिया प्रारम्भ करते हुए निविदा की स्वीकृति तक पालिका कार्यो की सुचारूता हेतु गत अनुबंधित फर्म से ही आउटसोर्सिंग कर्मियों की आपूर्ति को निरन्तर रखा जाये तथा गत वर्ष के आधार पर ही पालिका कार्यालय में व सफाई विभाग में, जलकल विभाग, पथप्रकाश विभाग आदि कार्यो हेतु गत वर्ष की निविदा में स्वीकृत पदो के अनुसार ही आउटसोर्सिंग पर कर्मियों की आपूर्ति लेने हेतु कार्यवाही की जाये। उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **<u>प्रस्ताव संख्या 6 (12) :–</u>**<br>वार्ड सदस्यों द्वारा अपने–अपने वार्ड में विकास कार्य हेतु दिये गये प्रस्ताव पत्रों पर विचार एंव आदेश बोर्ड। | सदन में वार्ड सदस्यों द्वारा अपने अपने वार्ड में दिये गये प्रस्ताव में उल्लिखित विकासात्मक कार्यो के प्रस्ताव को सदन के समक्ष रखा गया।<br><br>**श्रीमती तनिका जैन, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**<br>1. जामुन के पेड वाली पुलिया से लेकर हिमालय हॉस्पिटल होते हुए पाण्डुशिला रोड तक सी0सी0 सड़क निर्माण कराया जाये।<br>2. दीपक फर्नीचर वाले से लेकर मौहल्ला बूढा बाबू चौक तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य कराया जाये।<br>3. बची हुई सडक धन्नी जूते वाले से लेकर के0के0 पब्लिक स्कूल तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य कराया जाये।<br>4. वार्ड में एक बूढा बाबू मन्दिर के नाम से द्वार बनाया जाये।<br>5. यश शर्मा के मकान से गौरव जैन तक व पाण्डुशिला रोड सी0सी0 से बनवायी जाये।<br>6. वार्ड में दो वाटर कूलर लगवाये जाये।<br>7. महेन्द्र के मकान से लेकर फारूक के मकान तक सी0सी0 |

Shabilur

Scanned with CamScanner

निर्माण कार्य कराया जाये।

**श्रीमती नेहा जैन उर्फ नेहा टाली, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**

1. आचार्य विद्योदय मैत्री महाराज अग्रसैन द्वार का निर्माण कराया जाये।
2. आनन्द चौहान से पंडित जी के मकान तक गली का निर्माण कराया जाये।
3. वीर प्रियम के मकान से प्रमोद मोदी के माकन तक सी0सी0 सड़क का निर्माण कराया जाये।
4. शहीद द्वार से अशोक स्तम्भ तक डिवाईडर का जीर्णोद्वार किया जाये।

**श्री राहुल, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**

1. नगर में विभिन्न स्थानों की सड़कों एवं नालियों की मरम्मत करायी जाये।
2. मौ0 घोसियान में चर्च रोड से लेकर भाटवाडा तक सड़क व नाली निर्माण कराया जाये।

**श्री शहजाद, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**

1. अवर लेडी ऑफ ग्रेसिस हॉस्पिटल के कोने से रामतलैया मन्दिर चौराहे तक प्रकाश व्यवस्था हेतु 11 तिरंगा लाईट लगवायी जाये।
2. हमीद के मकान से नसीबुद्दीन के मकान तक जाने वाली सड़क कच्ची एवं टूटी–फूटी अवस्था में है, जिससे आने–जाने में अत्यधिक कठिनाई होती है। अतः इस मार्ग पर सीमेंटेड सड़क (CC Road) का निर्माण करायी जाये।
3. मोहल्ला धर्मपुरा की विभिन्न गलियों भी काफी जर्जर स्थिति में हैं, जिनमें गड्ढे एवं कीचड़ बने रहते हैं। अतः इन गलियों की मरम्मत एवं सुधार कार्य शीघ्र कराया जाए।
4. कालंद चुंगी तिराहे पर पानी की प्याऊ (पेयजल सुविधा) उपलब्ध नहीं है, जिससे राहगीरों एवं स्थानीय निवासियों को गर्मी के मौसम में भारी असुविधा होती है। अतः वहाँ पर एक स्थायी प्याऊ लगवाने की कृपा करें।

**श्री शाहिद, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**

1. यह कि गली निर्माण हेतू हकीमुद्दीन के मकान से लेकर अब्बास मलिक के मकान तक गली निर्माण करायी जाये जो कि बहुत जर्जर हालत में है।
2. यह कि गली निर्माण हेतू इरशाद मलिक के मकान से लेकर रमजानी मलिक के मकान तक इसी गली में दो गली बन्द है, जो बहुत जर्जर हालत में है उसका गली निर्माण करया जाये।
3. यह कि गली निर्माण हेतू अफरोज राणा के मकान से लेकर अनस राणा के मकान तक निर्माण कराया जाये।
4. यह कि एक गली मदरसे से लेकर आफताब के घर तक जो बहुत जर्जर हालत में है, पूर्ण निर्माण कराया जाये।
5. यह कि अनीस अंसारी के घर से अंधा राजी मलिक के घर तक गली का पूर्ण निर्माण कराया जाये।
6. यह कि धर्मवीर के मकान से फिरकू के मकान तक सड़क

Shahid

Scanned with CamScanner

व नाली निर्माण सी०सी० में कराया जाये।
7. यह कि एक कच्चा नाला कब्रिस्तान से लेकर बड़े गौले के पुल तक जो बहुत जर्जर हालत में है जिसके कारण यहाँ पर जल भराव की स्थिति रहती है। नाले का सी०सी० में निर्माण कराया जाये।
8. यह कि मौहब्बत के घर से लेकर मुन्ना अंसारी के मकान तक गली निर्माण करायी जाये।

**श्री मोहम्मद खालिद, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**
1. टाउनहाल रोड पर डॉ0 बंगाली से चुंगी चौराहा तक सड़क व नालियों का निर्माण कार्य कराया जाये।
2. पशु चिकित्यालय वाली पुलिया से गोमतीनगर की पुलिया तक नालियों सहित सी0सी0 सड़क का निर्माण कराया जाये।
3. नगर पालिका से तहसील तिराहा तक सड़क व नालियों का निर्माण कराया जाये।
4. दो वाटर कूलर के फ्रीज लगवाये जाये।
5. गोमतीनगर के गेट से पूर्व चेयरमेन निजाम अंसारी की फैक्टरी तक सी0सी0 रोड व नालियो का निर्माण कराया जाये।
6. पूर्व चेयरमेन निजा़म अंसारी की फैक्टरी से रजवाहे तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स लगवायी जाये।
7. अन्सारनगर की नालियों की मरम्मत करायी जाये।
8. गोमतीनगर की पुलिया से दौराला रोड पुलिया तक सी0सी0 नाले का निर्माण कराया जाये।
9. नगर पालिका कार्यालय में पानी भरने के कारण नगर पालिका में भराव कराकर इण्टरलॉकिंग टाईल्स लगवायी जाये।

**श्रीमती फिरदौस, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**
1. वार्ड 18 में नफीस की दुकान से नाले की पुलिया तक 15वें वित्त से कार्य होना था लेकिन मौके पर पुरानी कुछ टाईले खुर्दबुर्द होने के कारण कार्य पूरा नही हो सका था लगभग 10 से 15 मीटर का कार्य शेष रह गया है, जिसे पूरा कराया जाये।

**श्रीमती राहत परवीन, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**
1. अलीबाबा चौक बैरून सराय में चौक की पुलिया नीची होने के कारण पानी नहीं निकल पाता है उस पुलिया को ऊपर उठवाया जाये।
2. गुलजार के मकान के सामने वाली पुलिया की मरम्मत करायी जाये।
3. अब्दुल सलाम उर्फ छामो के मकान के सामने की पुलिया का निर्माण कार्य कराया जाये।
4. वार्ड 19 इदद वाली गली से लेकर अलीबाबा चौक तक नाली का निर्माण कराया जाये।
5. वार्ड 19 सराय अफगानान की दोनों तरफ की नालियों का निर्माण कराया जाये।

Shakil

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | **श्री मोहम्मद फरमान, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**<br>1. डंगरो के अस्पताल से होते हुए तहसील तक नाला निर्माण कार्य की DPR तैयार कराकर, किसी उपयुक्त मद से शीघ्र निर्माण कराया जाए।<br>2. नगर में सड़क सुधार, जल निकासी एवं स्ट्रीट लाईट व्यवस्था के लिए DPR तैयार का शासन को यथाशीघ्र प्रेषित की जाए।<br>3. पूर्व में प्रस्तावित वकीलों के पैनल गठन का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाए।<br>4. चौड़े रास्ते पर प्रस्तावित बारात घर का निर्माण शीघ्र प्रारम्भ कराया जाए।<br>5. गोमती नगर की पुलिया से रजवाहे तक सड़क निर्माण कार्य कराया जाए।<br>6. सुलेमान शाह की सड़क से कब्रिस्तान तक मार्ग का निर्माण कराया जाए।<br>7. कब्रिस्तान की टूटी हुई दीवार का पुर्ननिर्माण कराया जाए।<br>8. कब्रिस्तान में हाई मास्क लाइट की व्यवस्था कराई जाए।<br>9. सरधना के प्रवेश द्वार पर स्वागत द्वार का निर्माण कराया जाए।<br>10.कब्रिस्तान में गेट नम्बर 2 से पालिका के टॉयलेट तक CC सड़क का निर्माण कराया जाये।<br>11. कब्रिस्तान के पास एक फीजर (मृतक संरक्षण हेतु) की व्यवस्था कराई जाए।<br>12. सरधना के समस्त कब्रिस्तान एवं शमशान घाटों में आमजन के बैठने हेतु बेंचों के निर्माण / स्थापना का कार्य कराया जाए।<br>13. नगर में कच्चे रास्तों का प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य कराया जाए, जिससे आमजन को आवागमन में सुविधा हो। साथ ही कुमार पैलेस से गोमती नगर तक सड़क, डॉक्टर बंगाली सें पुलिस चौकी तथा पुलिस चौकी से तकिया कैत मस्जिद तक सड़क निर्माण कार्य कराया जाए।<br>14. पेयजल योजना के अंतर्गत नगर में चल रहे कार्यों को तत्काल पूर्ण कराया जाए। साथ ही पूर्व में डाली गई पाइपलाईन से कनेक्शन जोड़कर जलापूर्ति शीघ्र चालू कराई जाए। साथ सम्बन्धित विभाग द्वारा किए गए सड़क मरम्मत कार्यों की जाँच कराई जाए तथा जहाँ मरम्मत कार्य अधूरा है, वहाँ तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा पेयजल हेतु कस्टमाईजेशन का जो टेंडर वर्तमान में अधिक व्यय पर हो रहा है, आगामी माह से पूर्व की भांति कार्य करवाते हुए व्यय कम किया जाये।<br><br>**श्री आशीष, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**<br>1. शहीद द्वार से गुजरान गेट चौराहा तक सी0सी0 रोड बनने के कारण साईड गलियां नीची हो जाने से उन गलियों को बनवाया जाये।<br>2. महेन्द्र सैनी के मकान से अनिल चौधरी देवी मन्दिर तक नाले की पटरी बनवायी जाये।<br>3. शहीद द्वार के नीचे नाले का पुल उठ जाने के कारण साईड सड़क नीची पड गयी है उसे बराबर करने हेतु निर्माण कार्य कराया जाये। |

Shahid

Scanned with CamScanner

**श्री मंगू प्रधान, नामित सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**

1. पांचों नामित सभासदों के नेम प्लेट बोर्ड लगवाये जाये।
2. बिनौली रेड चौपला पर शुलभ शौचालय जुलेढा मोड पर बनवाया जाये।
3. शहीद द्वार के पास से कूड़ा स्थल हटवाया जाये व पुलिया की मरम्मत करायी जाये।
4. नगर में बिनोली रोड, देवी मन्दिर, दौराला बस स्टैण्ड पुलिया पर मरम्मत कार्य पूर्ण कराया जाये।
5. नगर में रोडवेज बस अड्डे के लिए जमीन मुहैया करायी जाये।
6. सरधना मेरठ रोड का नाला पक्का कराया जाना जिस विभाग से होता है उसके लिए पत्राचार किया जाये।

**श्री सुमित वाल्मीकि, नामित सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**

1. वार्ड न0 20 के मौहल्ला अहाता इसाईयान निकट प्राचीन शिव मन्दिर तहसील गेट के पास पानी निकासी की नाली व धंस चुकी पुलिया का पुनः निर्माण एवं गली के अन्दर खराब हो चुकी नाली व खडन्जा निर्माण कराया जाए।
2. वार्ड न0 20 के मौहल्ला अहाता इसाईयान के सासीयां कालौनी में नाली व खडंजा निर्माण कराया जाये।
3. वार्ड न0 20 के मौहल्ला टाउन हाल रोड निकट पशु चिकित्सालय से पहले राधा–कृष्ण मन्दिर वाली गली में खड़न्जा निर्माण व टंकी पाईप लाईन बिछाई जाने का कार्य कराया जाये।
4. तहसील गंगनहर रोड पर बने कूड़ा डम्पिंग ग्राउण्ड को नगर सीमा के बहार जहां आवासीय क्षेत्र न हो स्थानान्तरित किया जाये।
5. अशोक की लाट गंज बाजार व रामलीला ग्राउण्ड के निकट में किए गये रेहड़ी–पटरी व पैंठ में दुकाने लगाने वाले व्यक्तियों को नोटिस जारी कर मैन रास्ता छुडवाया जाए।
6. वर्षा ऋतु के समय नगर में पानी की निकासी हेतु बडे नाले का पक्का निर्माण कराया जाये तथा नगर में स्थित डेरियों से निकलने वाला गोबर आदि पर रोकथाम की जाये ।
7. वार्ड न० 4 भाटवाडा में नर्सरी के निकट चमन सैनी के घर से लेकर अन्दर गली में राधे श्याम सैनी के घर तक खडंजा निर्माण कराया जाये।

**श्री दीपक जैन, नामित सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**

1. कालन्द चुंगी के निकट सेन्ट जेवियर स्कूल वाली गली का निर्माण कराया जाये।
2. मास्टर कॉलोनी क्षेत्र में पूर्व में आने वाली सफाई कर्मचारी की मृत्यु उपरांत नियमित सफाई न होने के कारण गंदगी एवं कचरे का अंबार लगा रहता है, जिसकी सफाई करायी जाये।
3. मास्टर कॉलोनी क्षेत्र में सड़क की हालत अत्यंत खराब है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है एवं दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहने के कारण उक्त सड़क बनवायी जाये।
4. प्रकाश व्यवस्था (स्ट्रीट लाइट) कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट खराब हैं या बिल्कुल नहीं हैं, जिससे रात्रि में असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न होने के कारण प्रकाश व्यवस्था करायी जाये।

Shahida

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | 5. नालियों की सफाई न होने के कारण पानी भर जाता है, जिससे जलभराव की समस्या उत्पन्न होने के कारण नालियों की सर्फा करायी जाये।<br>6. वार्ड में आसपास एक नाला है जिसकी नियमित सफाई न होने के कारण उसमें जलभराव रहता है, जिसकी भी सफाई करायी जाये।<br>7. बिनौली बस स्टैंड के पास से गांधी आश्रम तक कई वर्ष पूर्व पानी की पाइप लाइन लगी हुई है जिसमें अभी तक पानी की व्यवस्था नहीं हो पाई है, कृपया उक्त पाइप लाइन में पानी सुचारु कराया जाये।<br>उक्त प्रस्तावों पर अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिशासी अधिकारी द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि वर्तमान में पालिका में राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत कार्य कराये जाने हेतु पूर्व में दिये गये प्रस्तावों के कम में व जनता की मांग अनुसार कार्य कराने हेतु पालिका अवर अभियंता से आंगणन बनवाये गये है, जिस पर उक्त बोर्ड बैठक में पूर्व में चर्चा हो चुकी है सदस्यों के द्वारा प्रस्तावित किये गये निर्माण कार्य जिसमें कुछ कार्य उपरोक्तानुसार आंगणन में सम्मिलित है के अतिरिक्त यदि कोई कार्य कराना आवश्यक है तो पालिका अवर अभियंता से उसकी जांच कराकर निर्माण कार्य कराने की कार्यवाही तत्समय की जायेगी तथा जहां तक श्री फरमान सदस्य के उपरोक्त प्रस्ताव में "पेयजल योजना के अंतर्गत नगर में चल रहे कार्यों को तत्काल पूर्ण कराया जाए साथ ही पूर्व में डाली गई पाइपलाईन से कनेक्शन जोड़कर जलापूर्ति शीघ्र चालू कराई जाए साथ सम्बन्धित विभाग द्वारा किए गए सड़क मरम्मत कार्यों की जाँच कराई जाए तथा जहाँ मरम्मत कार्य अधूरा है, वहाँ तत्काल मरम्मत कराई जाए" के संबंध में संबंधित विभाग जल निगम से नियमानुसार पत्राचार आदि करने की कार्यवाही की जायेगी, जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए सदन में चर्चा उपरान्त सहमति बनी कि नगर में यदि कहीं भी सडक में कोई गडढा अथवा कोई नाली/नाला अथवा पाईप लाईन क्षतिग्रस्त होती है या पेयजलापूर्ति में समसेबिल अथवा कोई समरसेबिल पम्प, पैनल व पालिका के वाहन/सयन्त्र आदि खराब होता है या किसी कीटनाश्क दवा आदि व कली चूना, सोडियम हाईपोक्लोराईड अथवा पेजयल सामग्री अथवा पेयजल की सुचारूता हेतु टैंक आदि की सफाई का कार्य आदि की आवश्यकता होती है तो ऐसे अति आवश्यक कार्यों को चिन्हिंत करते हुए उन्हें करा लिया जाये। उपरोक्त अन्य कार्यों पर कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष को अधिकृत किया गया। |

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए सभा समाप्त की गयी।

Shahid

अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

Scanned with CamScanner